Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding rejuvenation of Konar river in Jharkhand.

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): मेरे संसदीय क्षेत्र हज़ारीबाग़ (झारखंड) के लोगों के लिए कोनार नदी पानी का प्रमुख स्रोत है। किन्तु यह नदी प्रदूषण-ग्रस्त है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। सर, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 2020 में पाया था कि 'धोबिया तालाब', जो कि एक जल निकाय है और जो झिंझरिया धारा में बहती है और अंततः कोनार नदी में मिलती है, उसकी स्थिति अत्यधिक गंभीर है। एनजीटी ने राज्य सरकार तथा शहरी विकास व आवास विभाग को अशोधित सीवेज और ठोस कूड़े की डंपिंग के मुद्दों के साथ-साथ जल निकाय के आसपास अतिक्रमण के मुद्दों से निपटने के लिए एक संशोधित कार्य योजना तैयार करने का आदेश दिया था। हालांकि, जमीनी स्तर पर स्थिति काफी हद तक जस की तस बनी हुई है। इसके अलावा कोनार नदी अवसादन (सेडीमेंटशन) और सिल्टिंग की समस्या से भी ग्रस्त है, जो मामले को और अधिक गंभीर बनाता है। जल एक प्रमुख व आवश्यक संसाधन है। अतः मैं केंद्र से राज्य सरकार और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सख्त निर्देश जारी करने का आग्रह करता हूँ ताकि कोनार नदी के पुनरोद्धार हेतु तुरंत कदम उठाएं जायें और एक प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए।